भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भा.वि.प्रा. की 22वीं वर्षगांठ का समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम- 'उडान' के साथ ।

नई दिल्ली, 03 अप्रैल, 2017:

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा वि प्रा), देश में नागर विमानन का मुख्य आधार, ने अपनी 22वीं वर्षगांठ 1 अप्रैल, 2017 को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में अत्यंत धूम-धाम से मनायी । श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री इस समारोह के मुख्य अतिथि थे तथा श्री जयंत सिन्हा, माननीय केंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री सम्माननीय अतिथि थे ।

सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में संगीत एवं उल्लास की आनंदमयी शाम के बाद मुख्य अतिथि श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा सम्माननीय अतिथि श्री जयंत सिन्हा, माननीय कंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री तथा डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, अध्यक्ष, भाविप्रा एवं अन्य उच्चाधिकारियों की उपस्थिति विमानन में भाविप्रा के निगमित योजना (कारपोरेट प्लान) को लांच किया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबंधित क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले भाविप्रा कार्मिकों को सम्मानित किया गया । श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा विभिन्न टीमों/ हवाईअड्डों द्वारा ए सी आई एवं सी एस आई सर्वे रेटिंग के आधार पर किए गए प्रशंसनीय कार्यों एवं हासिल की गई उपलब्धियों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए ।

श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने संरक्षित, सुरक्षित एवं सस्ती उड़ान उपलब्ध कराने के माध्यम से, जिसकी वजह से भारत विश्व का पाँचवा सबसे बड़ा विमानन बाजार बन गया है, राष्ट्र निर्माण के प्रति सौंपी गई अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए भाविप्रा परिवार को बधाई दी ।

श्री जयंत सिन्हा, माननीय कंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कि मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत, ई-गवर्नेंस एन सी ए पी एयर सेवा एवं आर सी एस-उड़ान के कार्यान्वयन में भाविप्रा ने मुख्य भूमिका निभाई है ।

श्री आर. एन. चौबे, सचिव (नागर विमानन) ने अपने संदेश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएँ दीं, जिसे कार्यक्रम के दौरान पढ़ा गया । सचिव (नागर विमानन) क्षेत्रीय कनेक्टिविटी

योजना, एयर सेवा पहल तथा ए ए आई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज लिमि. (ए ए आई सी एल ए एस) के प्रक्षेपण के कार्यान्वयन में ए ए आई की उपलब्धियों की सराहना की ।

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई.ए.एस., अध्यक्ष, भाविप्रा ने भाविप्रा द्वारा वैश्विक स्तर पर सफलता की ऊँचाईयों को हासिल करने पर संतोष व्यक्त किया तथा यह कहते हुए उन्हें गर्व की भी अनुभूति थी कि सरकार को 560 करोड़ रू. का अंतरिम लाभांश प्रदान किया गया है तथा 10,000 करोड़ रू. तक की राजस्व सीमा तक पहुँचने से वास्तव में उनके आत्मविश्वास को और बल मिला है कि आने वाले दिनों में हम विमानन के क्षेत्र के वैश्विक नेतृत्व कर्ताओं में से एक होंगे ।

सरकारी कार्यक्रम के बाद मंच सुविख्यात गायक कलाकार शान द्वारा लाइव कार्यक्रम प्रस्तुत करने हेतु खुला छोड़ दिया गया जिसका सभी ने खूब आनंद उठाया ।

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 01/2017-18

श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की 22वीं वर्षगांठ समारोह के अवसर पर श्री जयंत सिन्हा, माननीय कंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री एवं डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई.ए.एस., अध्यक्ष, भाविप्रा की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित करते हुए ।